आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 15.04.2024, समयः 1830

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं की शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा में एक–एक दिव्यांग बूथ तैयार किया जाएगा।

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मसूरी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया, कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में राजनीति की उदासीनता को बदलने का काम किया।

- गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने चमोली जिले में जनसंपर्क कर मतदाताओं से मतदान की अपील की।

- चारधाम यात्रा के लिए आज से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू।

निर्वाचन आयोग

आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश के दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा में एक–एक दिव्यांग बूथ तैयार किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक जिले में एक आदर्श दिव्यांग बूथ भी तैयार किया जा रहा है। इन बूथों पर हेल्प डेस्क, रैम्प और व्हील चेयर सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। इस चुनाव में राज्य के कुल 80 हजार 335 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के 65 हजार 150 वृद्ध मतदाताओं का बूथवार चिन्हीकरण किया गया है। गौरतलब है कि राज्य में पहली बार इतने वृहद और विस्तृत स्तर पर दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं की सहायता के उद्देश्य से बूथवार संसाधनों की मैपिंग की गई है। मतदान दिवस पर इन मतदाताओं को अधिक से अधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 1 हजार 344 व्हील चेयर, 1 हजार 623 डोलियां, 3 हजार 392 मैग्निफाइंग ग्लास, 95 ब्लाइंड स्टिक का बूथवार मैप किया गया है। इसके अलावा 57 व्हील चेयर को संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट और जिला समाज कल्याण अधिकारियों के साथ रिजर्व रखा जाएगा, जिसे आवश्यकता पड़ने पर पोलिंग बूथ पर उपयोग में लाया जाएगा।

लोकसभा चुनाव प्रचार–01

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता जगत प्रकाश नड्डा ने आज मसूरी में टिहरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले राजनीति उदासीनता से भरी हुई थी, सामान्य मानव कहता था कि राजनीति से कुछ नहीं बदलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति की परिभाषा, राजनीति की संस्कृति, राजनीति का तौर–तरीका और राजनीतिक दृष्टि से संकल्प की परिभाषा बदल दी है। श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत देश की 80 करोड़ आबादी को निःशुल्क राशन देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर में शौचालय बनने से आज देश खुले में शौच से मुक्त हो गया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लगभग तीन लाख से अधिक गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने का काम भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि आज हर घर नल से जल देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। श्री नड्डा ने कहा कि देश की 40 फीसदी आबादी को 5 लाख का सालाना स्वास्थ्य बीमा देने का काम मोदी सरकार ने किया है।

## लोकसभा चुनाव प्रचार–02

गढ़वाल लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने चमोली जिले के कर्णप्रयाग और नंदानगर घाट में जनसंपर्क कर चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार ने पिछले 10 सालों में बेरोजगारी और महंगाई को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनेगी तो सबसे पहले युवाओं को रोजगार और गढ़वाल संसदीय क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने का काम किया जाएगा। इसी सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने पौड़ी के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क किया। उधर, नैनीताल–उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने हल्द्वानी के गोविंदपुरा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने आगामी 19 अप्रैल को प्रदेश के मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। इसी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए जगह–जगह चुनावी जनसभाएं की। वहीं, राज्य की स्थानीय पार्टी उत्तराखंड क्रांति दल और निर्दलीय प्रत्याशी भी जनता का समर्थन मांगने में जुटे हैं। टिहरी सीट से निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार और गढ़वाल सीट से आशुतोष नेगी भी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव तैयारियां

निर्वाचन आयोग, प्रदेश में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। चंपावत जिले में मतदान ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों की पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पाण्डे ने बताया कि डाकपत्र व चुनाव डयूटी प्रमाण–पत्र के तहत किए गए मतदान में अब तक जिला निर्वाचन विभाग को छह सौ इक्यावन पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। टिहरी जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला मुख्यालय में पोलिगं पार्टियों को मतदान के लिए दी जाने वाली सामग्रियों का निरीक्षण किया। आकाशवाणी से बातचीत में जिलाधिकारी ने बताया कि 15 मतदान कर्मियों का दल 17 अप्रैल को रवाना होगा। उधर, चमोली जिले में भी 17 अप्रैल से मतदान पार्टियों को रवाना किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि जिले में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। इसके अलावा जिले की सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गई है।

## मतदाता जागरूकता

निर्वाचन आयोग स्वीप गतिविधियों के जरिए प्रदेश के मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने का काम कर रहा है। इसके लिए आयोग नुक्कड नाटक, क्विज व चित्रकला प्रतियोगिता, मेहंदी और अन्य गतिविधियां आयोजित कर रहा है। आज मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने देहरादून में सचिवालय अधिकारियों और कार्मिकों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा इस बार लोकसभा चुनाव में शत–प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग पूरे प्रयासों में जुटा है। उधर, अल्मोड़ा में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले में महिला समूह घर–घर जाकर मतदाताओं को मतदान की शपथ दिला रहे हैं। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय परिसर व रानीखेत महाविद्यालय में एन.सी.सी और एन.एस.एस कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक और रैली निकाल कर जन जागरूकता अभियान चलाया। इसी कड़ी में रेड क्रॉस सोसाइटी भी गांव– गांव जाकर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित कर रही है। रेड क्रॉस सोसाइटी के ज़िला अध्यक्ष डॉ जेसी दुर्गापाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के प्रयास किए जा रहे हैं।

चारधाम यात्रा पंजीकरण

प्रदेश में चारधाम यात्रा के लिए आज से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गये हैं। श्रद्धालु वेबसाइट– registrationandtouistcare.uk.gov.in के अलावा व्हाट्सएप नंबर– 83 94 83 38 33 पर यात्रा लिख कर मैसेज करके भी पंजीकरण करा सकते हैं। पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर– 0135–1364 के जरिए भी पंजीकरण की सुविधा दी है। साथ ही स्मार्ट फोन पर touristcareuttarakhand ऐप से भी पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए नाम, मोबाइल नंबर के साथ यात्रा करने वाले सदस्यों का ब्योरा, निवास स्थान के पते के लिए आईडी देनी होगी। गौरतलब है कि प्रदेश में 10 मई को केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री और 12 मई को बदरीनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे, जबकि हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे। कपाट खुलने की तिथि घोषित होने के साथ ही जिला और मंदिर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है।

जाख मेला

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित प्रसिद्ध जाख मेला पूरे उत्साह व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मेले का मुख्य आकर्षण जाख देवता के पश्वा का जलते अंगारों पर चलना होता है। मेले में रुद्रप्रयाग ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश से लोग शिरकत कर रहे हैं। 11वीं सदी से चली आ रही यह परम्परा आज भी उतने उत्साह से मनाई जाती है, जितने उत्साह से सैकड़ों वर्ष पूर्व मनाई जाती थी। आज पूरे दिन मेले में श्रद्धालु देव दर्शन के साथ ही पूजा–अर्चना करेंगे। आचार्य योगेंद्र देवशाली ने बताया कि जाख देवता का मेला हर साल आयोजित होता है और इस मेले का आकर्षण जोख देवता का जलते अंगारों पर चलता होना है। इस साल भी मेले में पूरे ढोल–दमाऊ के साथ गांव–गांव से लोग पहुंचे है।